# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

## प्रेस विज्ञप्ति / सूचना

एतद्द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की स्नातक / स्नातकोत्तर / व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य / बैक / एक्स के समस्त विषम सेमेस्टर (तृतीय / पंचम / सप्तम / नवम) के परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल दिनांक 26–10–2025 से 10–11–2025 तक खोला जा रहा है। **उक्त के अतिरिक्त ई0आर0पी0 पोर्टल पर बैक परीक्षा (स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर) हेतु भी परीक्षा आवेदन पत्र खोला जा रहा है।**

अतः उपरोक्तानुसार सन्दर्भित पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि तृतीय / पंचम / सप्तम / नवम सेमेस्टर तथा स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर बैक की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 10–11–2025 तक समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल (kunainital.samarth.edu.in व kuntl.net) के माध्यम से आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें।

**नोट–** निर्धारित तिथि तक यदि किसी विद्यार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र कतिपय कारणों से नहीं भरा जाता है तो ऐसे विद्यार्थी **दिनांक 10–11–2025 के उपरान्त दिनांक 13–11–2025 तक पाठ्यक्रम अनुरूप निर्धारित शुल्क का 50 प्रतिशत अतिरिक्त विलम्ब शुल्क तथा दिनांक 14–11–2025 से दिनांक 16–11–2025 तक पाठ्यक्रम अनुरूप निर्धारित शुल्क का 100 प्रतिशत अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर पायेंगे। दिनांक 16–11–2025 के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल

पत्रांकः केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2025 / 2250 — दिनांकः 25–10–2025

प्रतिलिपि–

1– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 26–10–2025 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

2– समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने का कष्ट करेंगे।

3– नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल, कु0वि0वि0 नैनीताल।

4– प्रभारी, ई0आर0पी0, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।

5– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल